अचानक चला मिक्सर, चपेट में आए दो मजदूर, घायल का बंसल हॉस्पिटल में चल रहा है इलाज

सिदगुवां स्थित साबुन फैक्ट्री में एक मजदूर की मौत, एक गंभीर घायल

सतीश पाठक, सागर

अवकाश के दिन जिस दिन कलेक्टर द्वारा स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है और धार्मिक त्यौहार देवउठनी ग्यारस के दिन औद्योगिक क्षेत्र स्थित घड़ी फैक्ट्री में हुई एक मजदूर की मौत एवं एक गंभीर होने पर घड़ी फैक्ट्री की कर प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लग गया है कि आखिरकार छुट्टी के दिन फैक्ट्री क्यों खुली थी और यह घटना क्यों कैसे हुई।

सागर के बहेरिया थाना अंतर्गत सिदगुवां औद्योगिक क्षेत्र में साबुन फैक्ट्री में करीब दोपहर 11 बजे मिक्सर मशीन में आने से दो मजदूर को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया ,जहां एक मजदूर की मौत हो गई वहीं दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल है। जानकारी मिलते ही मकरोनिया के सीएसपी नीलम चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे वहीं घायल को देखने के लिए विधायक प्रदीप लारिया भी अस्पताल गए। अवकाश के दिन सिदगुवां स्थित औद्योगिक क्षेत्र में संचालित घड़ी फैक्ट्री में कार्य चल रहा था इस दौरान मजदूर मिक्सर मशीन के पास पहुंचे जहां काम करते हुए मजदूर मुलायम आठिया निवासी सिदगुवां एवं रफीक खान निवासी गिरवर मिक्सी मशीन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिनके सिर ,हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई।

मिक्सर की सफाई के दौरान हादसे की आशंकर

मिक्सर की सफाई के दौरान हादसे की आशंका है। इसी दौरान स्विच दबने की बात सामने आ रही है। जिस समय हादसा हुआ उस समय कुछ ओर मजदूर थे। पुलिस पूरी मामले की जांच करा रही है कि मिक्सर का स्विच कैसे चालू हुआ है। यह किसी की साजिस है या महज हादसा।

जानकारी मिलते ही विधायक प्रदीप लारिया घायलों को देखने पहुंचे उन्होंने कहा कि छुट्टी के दिन फैक्ट्री का संचालन क्यों हो रहा था, घटना क्यों और कैसे हुई इस संबंध में हर बिंदु पर पुलिस जांच करेगी ,जो दोषी होगा उसे पर कार्रवाई होगी। मैंने कलेक्टर को फोन से बोला है कि घायल मजदूरों का इलाज ठीक ढंग से हो इसकी व्यवस्था की जाए।

सागर के सिदगुवां में घड़ी फैक्ट्री लगने के बाद से ही विवादों में है पहले किसानों द्वारा आरोप लगाया गया था की घड़ी फैक्ट्री लगाए जाने के कारण आसपास के क्षेत्र में भूजल प्रदूषित हो रहा है जिसकी शिकायत किसानों द्वारा की गई थी। केरबना ग्राम के किसानों का कहना था कि घड़ी फैक्ट्री जो कि अपने दूषित पानी को जमीन में मिला रही है जिसके कारण आसपास की भूमि बंजर हो रही है। पानी पीने लायक नहीं बच रहा।प्रदूषित पानी होने के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं इसी प्रकार का दूसरा मामला भी रहा है, जिसमें दो सुरक्षा गार्ड द्वारा घड़ी फैक्ट्री के पास फायरिंग की उनका कहना था कि फैक्ट्री द्वारा उन्हें बाहर निकाल दिया है जिसके कारण वह बेरोजगार हैं इस संबंध में फैक्ट्री के संचालक द्वारा कार्रवाई हेतु पत्र भी पुलिस को दिया गया था।

मौत के मामले में क्या कंपनी के संचालक प्रबंधक एवं लापरवाही करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी या केवल औपचारिक कार्यवाही होगी।

पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा घटना पर जांच कमेटी गठित हो व दोषियों पर हो कार्यवाही: नरयावली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिद्गुवां स्थित साबुन फैक्ट्री में मंगलवार दोपहर काम करते समय दो मजदूरों के मिक्सर मशीन की चपेट में आने से मजदूर मुलायम आठया की हुई मौत तथा रफीक खान नामक मजदूर के गम्भीर रूप से घायल होने की जानकारी लगते ही मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर मृतक मजदूर मुलायम आठया के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाते हुये सम्पूर्ण घटनाक्रम की विस्तारित जानकारी ली तथा घायल रफीक खान के परिजनों से भी घटना के सम्बन्ध में जानकारी लेकर मौके से ही जिला कलेक्टर सन्दीप जी आर से साबुन फैक्ट्री में घटित हुई घटना पर जांच कमेटी का गठन कर घटना की सूक्ष्म व निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही तथा घटना में जान गंवाने वाले मृतक मजदूर के परिजनों को आर्थिक सहायता तथा घायल मजदूर का समुचित व उचित इलाज व आर्थिक सहायता मुहैया कराने की बात कही जिस पर कलेक्टर सन्दीप जी आर ने न्यायोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

मजदूर की मौत के बाद इन 9 बिंदुओं पर की जाएगी जांच

आखिर अवकाश के दिन फैक्ट्री का संचालन हो रहा था जिसमें दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिसमें एक की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल है।इस सभी के बीच घड़ी फैक्ट्री सवालों के घेरे में है कि आखिरकार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फैक्ट्री के संचालक ध्यान क्यों नहीं देते ,इसमें किसकी गलती है घटना कैसे हुई इन सभी बिंदुओं की निष्पक्षता से जांच हो तो उक्त मामले में कंपनी संचालक सहित अन्य पर लापरवाही बरतने पर एफआईआर दर्ज हो सकती है।

1. कलेक्टर द्वारा अवकाश घोषित करने के बाद कंपनी द्वारा अवकाश क्यों नहीं दिया गया।
2. त्यौहार के दिन क्या कंपनी छुट्टी नहीं देती या मजदूरों से लगातार कार्य कराया जाता है।
3. मजदूरों की सुरक्षा को लेकर भी प्रश्न चिन्ह उठ रहे हैं कि आखिर फैक्ट्री में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है या नहीं।
4. घटना होने के बाद वह सभी सवालों के घेरे में है जो समय-समय पर फैक्ट्री की जांच करते हैं।फैक्ट्री को एनओसी देते हैं और फैक्ट्री के संचालक को ठीक बताते हैं।
5. इस बीच श्रम विभाग भी सवालों के घेरे में है कि श्रमिकों की सुरक्षा एवं सुरक्षात्मक साधनों को लेकर अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया या केवल औपचारिक निरीक्षण ही चलता है।
6. विधायक प्रदीप लारिया द्वारा भी आरोप लगाए गए हैं की घटना क्यों हुई और कैसे हुई इसकी सूक्ष्मता से पुलिस जांच करें।
7. यह कोई घटना है या कोई साजिश है या लापरवाही है इन बिंदुओं पर होनी चाहिए जांच हो।
8. घटना के बाद कितने समय में घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, इस बिंदु पर भी जांच होनी चाहिए।
9. फैक्ट्री में कितने घंटे मजदूरों से कम लिया जाता है।अवकाश का दिन क्या है क्या कंपनी में सुरक्षात्मक संसाधन का उपयोग किया जाता है या नहीं यदि सुरक्षात्मक संसाधन का उपयोग किया गया है तो घटना कैसे हुई।

मिक्सर बंद यह अचानक कैसे चालू हुआ जानकारी नहीं

सागर सिदगुवां स्थित घड़ी साबुन फैक्ट्री के प्लांट हेड कमल गुप्ता फोन पर बताया कि मैं इस समय ग्वालियर हूं हादसे के बारे में जानकारी मिली है। मिक्सर बंद था। आज अचानक कैसे चालू हुआ यह पता नहीं मैं सागर पहुंच रहा हूं। इसकी जानकारी करता हूं।

खास-खबरें

हमारी मकरोनिया, विकसित मकरोनिया

सागर। नरयावली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मकरोनिया नगर पालिका परिषद के दुल्हादेव मन्दिर नोबल कॉलेज के समीप रजाखेड़ी में *मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक माननीय इंजी प्रदीप लारिया जी ने पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार जी, मण्डल अध्यक्ष कपिल सिंह कुशवाह जी, मण्डल अध्यक्ष सौरभ केशरवानी, जनभागीदारी अध्यक्ष बंटी राठौर, पार्षदगण बलवंत सिंह, विवेक सक्सेना, नरेंद्र ठाकुर पार्षद प्रतिनिधि राजा रिछारिया, कमलेश कुशवाहा, जिला महामंत्री अनु.जा.मो. मधुकर जाटव, गंगाराम ठेकेदार, नपा सीएमओ पवन शर्मा जी,भाजपा कार्यकर्ता सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

रजाखेड़ी बजरिया में 16 लाख 89 हजार रुपए की लागत से पेवर ब्लॉक फुटपाथ निर्माण सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ

सागर। नगर पालिका परिषद मकरोनिया के रजाखेड़ी बजरिया में पेवर ब्लॉक फुटपाथ निर्माण, सौंदर्यकरण कार्य के भूमि पूजन शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए नरयावली विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक इंजी.प्रदीप लारिया साथ में उपस्थित नगर पालिका परिषद मकरोनिया के अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार जी कार्यक्रम के दौरान माननीय विधायक जी ने कहा मकरोनिया क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं की जाएगी क्षेत्र में लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं आने वाले समय में मकरोनिया एक विकसित नगर पालिका के रूप में पहचाना जाएगा आने बाली 28 नवंबर की तारीख को खेल महोत्सव प्रारंभ हो रहा है सभी बच्चे उस खेल महोत्सव में भाग लेकर अपने खेल का प्रदर्शन करें। माननीय नगर पालिका अध्यक्ष जी ने बताया कि पिछले दिनों मकरोनिया के रजाखेड़ी में 7 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन हुआ था उसी संदर्भ में आज रजाखेड़ी बजरिया में पेवर ब्लॉक फुटपाथ निर्माण, सौंदर्य करण कार्य को प्रारंभ करने के लिए आज हम सभी यहां उपस्थित हुए हैं धीरे-धीरे सभी वार्डों में विकास कार्य प्रारंभ हो रहे हैं मकरोनिया का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है चाहे वह सड़क निर्माण हो चाहे वह नाली निर्माण हो चाहे पार्क निर्माण हो मकरोनिया का प्रत्येक वार्ड आने वाले समय में अपने विकसित वार्ड के रूप में पहचाना जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष ने बताया 70 वर्ष की आयु के बुजुर्ग व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड निशुल्क बनाए जा रहे हैं आप सभी अपना आयुष्मान कार्ड बनवाएं और शासन की महत्वपूर्ण आयुष्मान योजना का लाभ ले कार्यक्रम के इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री कपिल कुशवाह जी सदर मंडल अध्यक्ष सौरभ केसरवानी नगर पालिका पार्षद विवेक सक्सेना, बलवंत सिंह ठाकुर, नरेंद्र सिंह ठाकुर, मुकेश पटेल, निशांत आठिया, पार्षद प्रतिनिधि राजा रिछारिया, कमलेश कुशवाहा, पूर्व पार्षद बाबूलाल, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष बंटी राठौर, केदार शर्मा, गंगाराम ठेकेदार, मधुकर जाटव, मातृशक्ति जिला मंत्री, जयंती मौर्य, वर्षा विश्वकर्मा, रेखा चौधरी, रेखा वर्मा, शिक्षा विश्वकर्मा, हीराबाई जाटव आदि मौजूद थे।

कवि कुमार विश्वास, सिंगर मोनाली ठाकुर, गायक सुखविंदर देंगे आकर्षक प्रस्तुतियां

डोहेला महोत्सव के लिए मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री को आमंत्रण

सागर

खुरई में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय डोहेला महोत्सव में शामिल होने के लिए पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से विशिष्ट अतिथि के रूप में भोपाल में मुलाकात कर निमंत्रण दिया।

बॉलीवुड सितारों और सेलिब्रिटी आर्टिस्ट की रंगारंग लाइव प्रस्तुतियों के लिए विख्यात खुरई का आगामी डोहेला महोत्सव-2025 तीन दिवसीय होगा। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार 14 जनवरी को डोहेला महोत्सव में प्रस्तुतियों की शुरुआत बालीवुड की मशहूर प्लेबैक सिंगर मोनाली ठाकुर के गीतों से सजे आर्केस्ट्रा से होगी। 15 जनवरी को विख्यात मोटिवेशनल स्पीकर और कवि कुमार विश्वास खुरई में डोहेला महोत्सव की ऑडियंस के बीच अपने विचार रखेंगे और समापन दिवस 16 जनवरी को बॉलीवुड के मशहूर गायक सुखविंदर अपनी प्रस्तुति देंगे।

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा खुरई किले के भव्य मैदान में 2015 मे आरंभ किए गए डोहेला महोत्सव में विगत वर्षों में बॉलीवुड की अनेक हस्तियों ने अपनी परफॉर्मेंस दी है जिसके लिए यह महोत्सव प्रदेश व देश में विख्यात हो चुका है। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने यह जानकारी देते हुए कहा है कि खुरई का डोहेला महोत्सव इस वर्ष भी अपनी ख्याति के अनुरूप संपन्न होगा जिसके लिए उक्त कलाकारों को प्रस्तुतियों के लिए फाइनल कर दिया गया है।

शहर को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी : निगमायुक्त

सागर

अपने शहर को साफ-स्वच्छ बनाये रखना जितनी नगर पालिक निगम के सफाईमित्रों की जिम्मेदारी है उतनी ही नगर में रहने वाले प्रत्येक नगरवासी की भी जिम्मेदारी है। फिर चाहे वह छोटी-बड़ी दुकान का संचालक हो, संस्थान का संचालक या बच्चे,बुजुर्ग महिलायें और युवा आदि सामान्य नागरिक सभी को स्वच्छता के प्रति हर पल सजग रहना होगा। तभी हमारा शहर साफ,स्वच्छ और सुंदर रहेगा। यह बात मंगलवार को सुबह-सुबह शहर में स्वछता कार्यों का जायजा लेने साईकिल से निकले नगर निगम आयुक्त श्री राजकुमार खत्री ने विभिन्न दुकानों के आस-पास कचरा देख चालानी कार्यवाही कराते समय

कही। उन्होंने स्वच्छता में लापरवाही बरतने पर शराब दुकान, रेस्टोरेंट, चाट सेंटर, चाय दुकान सहित निगमकर्मी पर कुल 15 हजार का जुर्माना कराया।

उन्होंने दीनदयाल चौराहे का निरीक्षण करते समय दुकानों के आस-पास कचरा पाये जाने की स्थति देखकर मयूरी रेस्टोरेंट पर 2000 रूपये, गब्बर चाट भंडार पर 500 रूपये, खेल परिसर के पास स्थित शराब दुकान पर 5000 रूपये का चालान कटवाकर जुर्माना भरवाया। उन्होंने तिली तहसीली का निरीक्षण कर तिली चौराहे पर स्थित शराब दुकान पर 5000 रूपये का जुर्माना और तहसीली में एक चाय दुकान पर 500 रूपये की चालानी कार्यवाही कराई। इसके साथ ही उक्त सम्बन्धित क्षेत्र के जोन प्रभारी निगमकर्मी पर लापरवाही बरतने पर 2000 रूपये का जुर्माना कराया और कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की नागरिकों की सुविधा के लिए शहर को साफ-स्वच्छ रखना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा की साफसफाई, स्वच्छता शहर को सुंदर रखने के साथ ही नागरिकों के स्वास्थ्य और बेहतर जीवन गुणवत्ता हेतु बेहद आवश्यक है। नागरिक नालियों में कचरा न डालें और न ही खुले में कचरा फेकें। घरों, दुकानों और या संस्थानों से निकलने वाला गीला-सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखकर कचरा कलेक्शन गाड़ी में दें जिससे उक्त कचरे का उचित निष्पादन किया जा सके।

निगमायुक्त खत्री नित्यप्रतिदिन सुबह सुबह साईकिल से शहर के अलग - अलग वार्डों का भ्रमण कर साफसफाई, स्वछता कार्य, निर्माण कार्य सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए स्थानीय रहवासियों से भी संवाद कर रहे हैं।

मिली कामयाबी बुंदेलखंड रीजन के लिए बड़ी उपलब्धि...

सुपर स्पेशीलिटी बंसल अस्पताल सागर में किडनी ट्रांसप्लांट कर रचा इतिहास

सागर

बंसल सुपर स्पेशीलिटी अस्पताल ने बहुत ही कम समय पर किडनी ट्रांसप्लांट कर प्रत्यारोपण के क्षेत्र में एक नया मुकाब हासिल किया है। बंसल अस्पताल सागर संभाग के बुंदेलखंड क्षेत्र का पहला किडनी ट्रांसप्लांट करने वाला अस्पताल है। अस्पताल में अभी तक महज तीन माह में चार सफल किडनी ट्रांसप्लांट किए जा चुके हैं। चौथा किडनी ट्रांसप्लांट किया। मरीज पूरीर तरह स्वस्थ्य है। अस्पताल के नेफ्रोलॉजिस्ट गुर्दा प्रत्यापरोपण के प्रमुख डॉ. विकास गुप्ता ने बताया कि किडनी फैलीयर मरीजों को हफ्ते में दो तीन बार डायलासिस के

लिए अस्पताल जाना पड़ता है। खाने पीने के परहेज होते हैं। जिंदगी ज्यादा दिन की नहीं होती है। खर्चे के हिसाब से भी देखें तो लंबे समय में डायलिसेस का खर्चा किडनी ट्रांसप्लांट की तुलना में बहुत अधिक होता है। ऐसे में किडनी ट्रांसप्लांट ऐसे मरीजों को नया जीवन देना जैसा है। मुख्य सर्जन एवं न्यूरोलॉजिस्ट डिपार्टमेंट के प्रमुख डॉ. रोहित नामदेव ने बताया कि जल्द हम कैडेबर की भी सुविधा सागर में शुरू करने वाले हैं। सभी पैरेंट में डोनर किडनी, लेप्रोस्कोपिक मैथड से निकाली गई। यह सारी सुविधाएं देश के किसी ट्रांसप्लांट के समक्ष है। ट्रांसप्लांट फिजीशियन डॉ. गुप्ता ने बताया कि ट्रांसप्लांट का सक्सेस देश के प्रमुख महानगरों के बड़े ट्रांसप्लांट के समतुल्य है। बंसल अस्पताल सागर के सीईओ डॉ. संकते गीता मोहन लहरी ने इस उपलब्धि पर चित्सिकों के साथ सभी टेक्नीकल टीम को ट्रांसप्लांट नर्सेस को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य हम बंसल को किडनी, हृदय और लीवर ट्रांसप्लांट क्षेत्र में स्थापित करने का प्रयास करेंगे। ताकि सागर के मरीजों को इलाज के लिए कहीं बाहर न जाना पड़े। अस्पताल में आयुष्मान के तहत इलाज किया जा रहा है वं शासन की अन्य योजनाओं काभी लाभ मरीजों को दिए जा रहे हैं।